Girls' High School & College, Prayagraj

Worksheet No. 6

Session 2020-21

Class- 4 A-F

Subject- Hindi

Topic- विलोम शब्द ,पर्यायवाची शब्द , पत्र लेखन, निबंध लेखन

निर्देश: अभिभावकों से अनुरोध है कि नीचे लिखे पाठ के गद्यांश को पढ़कर बच्चों से प्रश्नों के उत्तर लिखवाए तथा याद करवाएं ।

विलोम शब्द

जो शब्द एक दूसरे का विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं, विलोम शब्द कहलाते हैं।

नीचे दिए गए विलोम शब्दों को पढ़िए और याद कीजिए-

शब्द	विलोम	शब्द	विलोम
एक	अनेक	जड़	चेतन,
हानि	लाभ	अग्रज	अनुज,
बुराई	अच्छाई	सत्य	असत्य,
धर्म	अधर्म	एकता	अनेकता,
क्रय	विक्रय	आदि	अंत

Q1. सही मिलान कीजिए -

जड़	हानि
बुराई	आदि
लाभ	चेतन
क्रय	अच्छाई
अंत	विक्रय

Q2. सही कथनों के आगे सत्य और गलत कथनों के आगे असत्य लिखिए-

1. एक का विपरीत अनेक होता है। (   )

2. लाभ का विलोम आदि होता है। (   )

3. अग्रज का विलोम अच्छाई होता है। (   )

Q3. सही विकल्प चुनिए -

1. चेतन का विपरीत शब्द है -

a. क्रय (   )   b. जड़ (   )

2. धर्म का विलोम होता है-

a. अधर्म (   ) b. अनेक (   )

3. सत्य का विपरीत होता है-

a. असत्य (   ) b. अनेकता (   )

पर्यायवाची शब्द

पर्यायवाची शब्द अपने समान अर्थ के कारण दूसरे शब्द का स्थान ग्रहण कर लेते हैं। नीचे कुछ पर्यायवाची शब्द दिए गए हैं। इन्हें पढ़ो और याद करो -

शब्द   पर्यायवाची

दिन -   वासर, वार, दिवस

जल -   पानी, वारि, नीर

भौंरा-   अलि, भ्रमर, मधुप

बादल -   मेघ, पयोधर, जलद

पृथ्वी -   भूमि, धरा, वसुधा

Q1. निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

जलद - ....

वसुधा - ....

नीर - ....

Q2. सही विकल्प चुनिए -

1. भूमि का पर्यायवाची शब्द है -

a. पृथ्वी ( ) b. मधुप ( )

2. मेघ का पर्यायवाची होता है-

a. वसुधा ( ) b. बादल ( )

3. वार का पर्यायवाची होता है -

a. दिन ( ) b. वारि ( )

Q3. सही कथनों के आगे सत्य और गलत कथनों के आगे असत्य लिखिए-

1. जल का पर्यायवाची पानी है। ( )

2. धरा का पर्यायवाची पयोधर होता है। ( )

3. भ्रमर का पर्यायवाची दिवस होता है। ( )

पत्र -लेखन

पत्रों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। पत्र के द्वारा हम अपने दूर-दराज के मित्रों तथा संबंधियों को संदेश भेजते हैं तथा उनके संदेश प्राप्त करते हैं।

पत्र के प्रकार - पत्र मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं-. **1. औपचारिक पत्र** **2. अनौपचारिक पत्र**

औपचारिक पत्र - सरकारी और कार्यालय को लिखे गए पत्र 'औपचारिक पत्र' कहलाते हैं । आवेदन पत्र, प्रार्थना पत्र ,शिकायती पत्र, व्यवसाय से संबंधित पत्र 'औपचारिक पत्र' की श्रेणी में आते हैं ।

अनौपचारिक पत्र- यह पत्र माता-पिता, भाई-बहन, संबंधियों, मित्रों आदि को लिखे जाते हैं।

यहां पर हम आपको औपचारिक पत्र के बारे में लिखवाएंगे।

आपकी पाठ्य पुस्तक के पाठ -27 पत्र - लेखन में सभी विषयों पर पत्र दिए गए हैं कृपया इसे लिखे व याद करें।

प्रधानाचार्या को बीमारी के लिए प्रार्थना - पत्र लिखिए -

सेवा में,

प्रधानाचार्या,

गर्ल्स हाई स्कूल एंड कॉलेज,

प्रयागराज ।

महोदया,

सविनय निवेदन यह है कि मुझे पिछले 2 दिनों से तेज बुखार है। मैं अभी पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हूं। डॉक्टर ने मुझे 2 दिन तक पूर्ण विश्राम करने की सलाह दी है। अतः आपसे विनम्र प्रार्थना है कि मुझे 2 दिन का अवकाश प्रदान करें।

धन्यवाद ।

आपकी आज्ञाकारी शिष्या ,

खुशी

कक्षा - 4

अनुक्रमांक .... **दिनांक ....**

जिस प्रकार बीमार होने पर प्रधानाचार्या को प्रार्थना -पत्र लिखा गया है उसी प्रकार नीचे दिए गए विषयों पर प्रार्थना पत्र लिखकर अभ्यास करें ।

निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखकर अभ्यास करें

1. प्रधानाचार्या को शुल्क मुक्ति के लिए प्रार्थना- पत्र लिखिए

2. विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रार्थना- पत्र लिखिए

3. अवकाश के लिए प्रार्थना -पत्र लिखिए

निबंध -लेखन

एक विचार प्रधान गद्य खंड निबंध कहलाता है। इसमें लेखक किसी विषय पर क्रम से पूरी स्पष्टता के साथ अपने विचार प्रस्तुत करता है। निबंध लेखन एक कला है। एक अच्छा निबंध लिखने के लिए विषय की पूरी जानकारी और भाषा का अधिकार होना आवश्यक है। निबंध में भाषा के प्रति पूर्ण सतर्कता बरतनी होती है। छोटे और अर्थ पूर्ण वाक्य निबंध को रुचिकर और प्रभावशाली बनाते हैं।

आपकी पाठ्य पुस्तक के पाठ- 28 निबंध -लेखन में सभी विषयों पर निबंध दिए गए हैं कृपया इसे लिखे व याद करें ।

निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखकर अभ्यास करें -

1. स्वतंत्रता दिवस

2. हमारा देश भारत

3. मेरा विद्यालय

4. प्रातः काल की सैर

End